# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in


क्रमांक : राऋभमवि / अल / अका.प्रथम / 2021 / 629 दिनांक : 23.12.2021

## विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक 15.12.2021 का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक 15.12.2021 को हॉटल लेमन ट्री, शांति कुंज, अलवर में माननीय कुलपति महोदय प्रो. जे.पी. यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1. श्री राम चन्द्र सिंह, कुलाधिपति नामित माननीय सदस्य।
2. डॉ. रितेश शर्मा, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
3. डॉ. स्मिता मिश्रा, राज्य सरकार द्वारा नामित माननीय सदस्य।
4. डॉ. हुकम सिंह, कुलपति नामित माननीय सदस्य।
5. डॉ. अनिता सोनी, कुलपति नामित माननीय सदस्य।
6. डॉ. रेखा शर्मा, प्राचार्य, राजकीय गौरी देवी महिला महाविद्यालय, एवं प्रतिनिधी मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग।
7. श्रीमती ज्योति मीणा, कुलसचिव एवं सदस्य सचिव।

बैठक के प्रारंभ में माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों का स्वागत किया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी करायी। इसके पश्चात निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए।

**एजेण्डा बिन्दु सं. 01 : प्रबन्ध मण्डल की गत बैठक दिनांक 03.02.2021 की कार्यवाही की पुष्टि।**

**निर्णयः**-- दिनांक 03.02.2021 को आयोजित प्रबंध मण्डल की बैठक की कार्यवाही प्रगति का सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु सं. 02 :** अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 07.08.2021 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

**निर्णयः**- सभी माननीय सदस्यों द्वारा अकादमिक परिषद की दिनांक 07.08.2021 को आयोजित बैठक के कार्यवाही का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। (संलग्नक-1)

**एजेण्डा बिन्दु सं. 03 :** अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 11.11.2021 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

**निर्णयः**- सभी माननीय सदस्यों द्वारा अकादमिक परिषद की दिनांक 11.11.2021 को आयोजित बैठक के कार्यवाही का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। (संलग्नक-2)

**एजेण्डा बिन्दु सं. 04 :** रिसर्च बोर्ड की बैठक दिनांक 11.11.2021 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

**निर्णयः**- सभी माननीय सदस्यों द्वारा रिसर्च बोर्ड की दिनांक 11.11.2021 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। (संलग्नक-3)

**एजेण्डा बिन्दु सं. 05 :** वित्त समिति की बैठक दिनांक 30.11.2021 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

**निर्णयः**— सभी माननीय सदस्यों द्वारा वित्त समिति की दिनांक 30.11.2021 को आयोजित बैठक के कार्यवाही का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। (संलग्नक—4)

**एजेण्डा बिन्दु सं. 06 :** विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्द्ध अकादमिक एवं शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को सम्बद्धता विस्तार एवं नए महाविद्यालयों की सत्र 2020—21 की प्रदान की गई सम्बद्धता का अनुमोदन।

**निर्णयः**— विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 83 अकादमिक, 66 शिक्षक प्रशिक्षण द्विवर्षीय, 17 बी.ए.बी.एड. / बी.एस.सी. बी.एड. चारवर्षीय, 04 विधि तथा 07 नवीन अकादमिक महाविद्यालयों को सत्र 2020—21 की प्रदत सम्बद्धता का माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु सं. 07 :** सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक F.NO. 1.2/2017(EC/PS) के अनुसार विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक नियुक्तियों में यू.जी.सी. रेगूलेशन—2018 को लागू किया जाना प्रस्तावित है।

**निर्णयः**—माननीय सदस्यों द्वारा चर्चा कर यू.जी.सी. रेगूलेशन—2018 को राज्य सरकार के पत्रांक F.NO. 1(6)Edu.4/2010 को ध्यान में रखते हुए लागू करने का अनुमोदन किया गया। (संलग्नक—5)

**एजेण्डा बिन्दु सं. 08 :** विश्वविद्यालय तृतीय दीक्षान्त समारोह आगामी फरवरी—मार्च माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, आयोजन हेतु सम्बन्धित IT & non IT firm से रिकार्ड प्राप्त कर उपाधि मुद्रण, स्वर्ण एवं रजत पदक निर्माण आदि कार्य किए जाने है, प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णयः**— दीक्षांत समारोह की तैयारी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

**एजेण्डा बिन्दु सं. 09 :** विश्वविद्यालय में शैक्षणिक व अशैक्षणिक नियुक्तियों हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार आरक्षण रोस्टर तैयार कर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक—6)

**निर्णयः**—विश्वविद्यालय द्वारा तैयार रोस्टर को राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु सं. 10 :** माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।

दिनांक 15.12.2021 को आयोजित प्रबन्ध मण्डल की बैठक में माननीय सदस्यों द्वारा निम्नानुसार सुझाव प्रस्तुत किये गये :

**कुलाधिपति नामित माननीय सदस्य श्री राम चंद्र सिंह द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किये गये : —**

(अ) शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए पाठ्यक्रमो में संशोधन किए जाए व परीक्षा प्रणाली में भी आवश्यक सुधार किये जाये, जहाँ तक सम्भव हो विषयों में प्रायोगिक मूल्यांकन को शामिल किया जाए। प्रायोगिक मूल्यांकन हेतु Project/Dissertation/Written Task आदि विद्यार्थियों को दिए जा सकते हैं। इससे छात्रों की कक्षाओं में नियमितता एवं विषयों के प्रति रूचि जाग्रत होगी। महाविद्यालयों से उक्त Project/Dissertation/Written Task आदि (यदि लागू हो तो) आवश्यकता पड़ने पर Random checking के लिए मंगवाया जा सकते है। उक्त हेतु अध्ययन मण्डल के माध्यम से प्रस्ताव तैयार करवाये जाए।

(ब) श्री राम चन्द्र सिंह ने अन्य सुझाव दिया कि कोरोना महामारी के कारण क्षेत्र के महाविद्यालय असर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। अतः अकादमिक सत्र 2022–23 हेतु बिना विलम्ब शुल्क के सम्बद्धता हेतु आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 31 मार्च, 2022 रखी जाए।

**निर्णयः**— सभी माननीय सदस्यों द्वारा इस सुझाव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

**अध्यक्ष एवं माननीय कुलपति महोदय द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किये गये :**

विश्वविद्यालय में बढ़ते IT संबंधित कार्यों, परीक्षा फार्म, परीक्षा परिणाम, रिकार्ड संधारण, उपाधि, माइग्रेशन, वेबसाईट आदि कार्य हेतु एक AP (Assistant Programmer) के पद के प्रस्तााव तैयार कर राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भेजे जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में विश्वविद्यालय में खेलकूद, प्रस्तकालय आदि सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्कता पर विचार किया गया तथा इस हेतु आवश्यक स्टाफ के पद स्वीकृति हेतु राज्य सरकार से आग्रह करने का निर्णय लिया।

विश्वविद्यालय के नये परिसर में गेस्ट हाऊस, कुलपति आवास, कार्मिकों के आवास व अन्य आवश्यक संसाधनों हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न की गई।

कुलपति
कुलपति
राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय
अलवर

कुलसचिव
कुल-सचिव
राज ऋषि भर्तृहरि
मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर